भोले बाबा के द्वार गई

भोले बाबा के द्वार गई जो मांगी वो पा गई,

मैं तो गई थी शिव दर्शन को बम भोले शिव के पूजन को,
मुझपे उनकी दया हो गई जो मांगी वो पा गई,
भोले बाबा के द्वार गईं.........

विनती करू भोले भण्डारी आई शरण में आज तुम्हारी,
मैं तो जीवन से घबरा गई जो मांगी वो पा गई,
भोले बाबा के द्वार गईं.........

सब देवो में देव निराले पहने रहते है जो मृग की छाले,
मेरी दुःख की घड़ी टल गई जो मांगी वो पा गई।
भोले बाबा के द्वार गईं.........

भीड़ लगी है तुम्हरे द्वारे लोग खड़े है हाथ पसारे,
एक क्षण भी न देर भई जो मांगी वो पा गई।
भोले बाबा के द्वार गईं........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3542/title/bhole-baba-ke-dawar-gai-jo-mangi-vo-paa-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |